श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली -११००१६

क्रमांक एफ:-4/परीक्षा/2020-21/1952 दिनांक: 20\1\2021

परीक्षा विभाग

(परीक्षक सम्बन्धी सूचना)

1. शास्त्री/बी.ए.योग तृतीय एवं पंचम सैमेस्टर, आचार्य/एम.ए.योग एवं शिक्षाचार्य तृतीय सैमेस्टर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों की सत्रीय परीक्षाएँ दिनांक 28.01.2021 प्रात: 10:00 बजे से 01:00 बजे तक एवं सांय 2:00 से 5:00 तक आनलाइन (व्हाट्सप) माध्यम से आयोजित की जायेगी।
2. इन परीक्षाओं से सम्बन्धित परीक्षा समय-सारिणी विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध है।
3. उपर्युक्त पाठ्यक्रमों की सत्रीय परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले विषयवार/तिथिवार परीक्षार्थियों एवं परीक्षकों की सूची पूर्ण विवरण सहित विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
4. परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रों के विषयवार/तिथिवार ग्रुप बनाकर सम्बन्धित छात्रों को लिंक द्वारा सूचित किया जा चुका है।
5. प्रत्येक परीक्षकों से अनुरोध है कि यह सुनिश्चित करें कि दिनांक 25.01.2021 तक अपने सम्बन्धित विषयों के परीक्षार्थियों ने व्हाट्सप ग्रुप पर पंजीकरण कर लिया है। यदि छात्रों के पंजीकरण में किसी प्रकार की बाधा आती है तो परीक्षक स्वयं छात्र का पंजीकरण कर सकता है या संगणक विभाग से सम्पर्क कर पंजीकरण करा सकता है।
6. परीक्षा प्रारम्भ होने से एक दिन पूर्व प्रत्येक परीक्षक को सम्बन्धित विषय की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की सूची व्हाट्सप द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी।
7. प्रत्येक परीक्षक को परीक्षा प्रारम्भ होने से तीस मिनट पूर्व प्रश्नपत्र उनके व्हाट्सप नम्बर पर भेजा जायेगा. जिसको वह अपने ग्रुप पर सभी छात्रों को परीक्षा प्रारम्भ होने से 15 मिनट पूर्व भेजेंगे।
8. प्रत्येक परीक्षक परीक्षा प्रारम्भ होने के पश्चात् उपस्थित छात्रों की उपस्थिति अपने व्हाट्सप नम्बर पर सुनिश्चित करेंगे।
9. प्रत्येक परीक्षक छात्रों को सूचित करें कि छात्र परीक्षा उपरान्त अपनी उत्तरपुस्तिका पी.डी.एफ (PDF) स्कैन द्वारा केवल परीक्षक के व्हाट्सप नम्बर पर ही प्रेषित करें।
10. प्रत्येक परीक्षक को अंकसूची प्रपत्र वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जायेगा. जिससे सभी परीक्षक डाउनलोड कर प्रयोग में ला सकेंगे।
11. प्रत्येक परीक्षक यह निम्नलिखित सुनिश्चित करें कि-
    - परीक्षार्थी ने उत्तरपुस्तिका को भेजने से पूर्व प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ संख्या अंकित कर उस पर हस्ताक्षर कर दिये हैं।
    - परीक्षार्थी ने हस्ताक्षरित उत्तरपुस्तिका को स्कैन कर पी.डी.एफ (PDF) फाइल कक्षा+पत्रसंख्या+अनुक्रमांक. उदाहरण (शास्त्री+501+7007) के अनुसार प्राप्त कर ली है।

12. प्रत्येक परीक्षक अपने विषय से सम्बन्धित उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर अंकसूची के साथ तीन से चार दिनों के भीतर परीक्षा विभाग को Email: exam@slbsrsv.ac.in पर प्रेषित करेंगे।
13. किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर परीक्षा विभाग से दिये फोन नम्बर पर संपर्क किया जा सकता है।

आवश्यक सम्पर्क सूत्र

Email Id: exam@slbsrsv.ac.in
Exam Helpline No: 011-46060536,537,520
Computer Center No : 011-46060645, 616

उपकुलसचिव (परीक्षा)